
मूल्य 1 रु.
वर्ष: 14 - अंक : 67, मुंबई, गुरुवार, 2 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## भीषण गर्मी से धधक रहे शहर

### मई में और भयानक बहेगी लू...चपेट में आएंगे कई राज्य



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** आने वाले दिनों में दिल्ली समते भारत के अधिकांश हिस्से लू की चपेट में आने वाले हैं। लोगों को आग बरसता आसमान और गर्म हवाओं का सामना करना पड़ेगा। भारतीय मौसम विभाग ने मई के महीने में भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना जताई है, साथ ही करीब 2 से 8 दिन तक लू के दिनों की संख्या अधिक होगी।साथ ही आईएमडी ने कहा है कि मई माह में पूरे देश में औसतन बारिश सामान्य (एलपीए का 91-109%) होने की संभावना है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### इन राज्यों में 2 से 4 दिन अधिक रहेगा लू का खतरा


*राजस्थान के शेष हिस्सों, पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, आंतरिक ओडिशा, गांगेय पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, उत्तरी आंतरिक कर्नाटक और तेलंगाना और उत्तरी तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में लू का खतरा 2-4 दिन सामान्य से अधिक रहेगा।*

### सलमान खान फायरिंग केस

# आरोपियों को हथियार सप्लाई करने वाले अनुज थापन की मौत

## पुलिस कस्टडी में किया SUICIDE

### दरी के कपड़े को फंदे बनाने के लिए किया इस्तेमाल





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग करने वाले आरोपियों को हथियार मुहैय्या कराने वाले आरोपी ने खुदकुशी कर ली है। आरोपी अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में अपनी जान लेने की कोशिश की। इसके बाद अनुज को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोपी अनुज थापन ने क्राइम ब्रांच लॉकअप के बाथरूम में आत्महत्या की।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## 'सुसाइड नहीं हत्या, किया गया टॉर्चर'

### जेल में बंद अनुज थापन के परिवार ने पुलिस पर उठाए सवाल

अनुज की मौत के बाद अब उसके परिवार और गांव वालों की प्रतिक्रिया आई है। मृतक अनुज के भाई अभिषेक थापन ने बताया कि वह गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। उन्होंने कहा, मेरा भाई अनुज ट्रक कंडक्टर था। उसने सुसाइड नहीं किया। बल्कि, उसका कत्ल कर दिया गया है। मैं उसके लिए इंसाफ की मांग करता हूं। वहीं, मृतक के मामा रजनीश का कहना है कि हाई सिक्योरिटी जेल के अंदर अनुज ऐसे कैसे सुसाइड कर सकता है। जरूर कुछ गड़बड़ है। ये नॉर्मल मौत नहीं बल्कि, हत्या है। इसमें पुलिस की लापरवाही साफ नजर आ रही है। अगर जेल में पुलिस तैनात होती है तो ऐसे में अनुज कैसे ये कदम उठा सकता है। उन्होंने कहा, अनुज की मौत की जांच होनी चाहिए। मेरे भांजे ने सुसाइड नहीं किया बल्कि उसका कत्ल पुलिस कस्टडी में किया गया है। उधर, गांव के सरपंच मनोज कुमार गोदारा ने भी हत्या का शक जताया। उनका कहना है कि अनुज ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि पुलिस कस्टडी में टॉर्चर के चलते उसकी मौत हुई है। उन्होंने कहा, यह आत्महत्या नहीं, कत्ल है। इसकी जांच महाराष्ट्र के बाहर की किसी एजेंसी द्वारा होनी चाहिए।

### अब बचे तीन आरोपी

**इस मामले में मुंबई पुलिस की ओर से आजाद मैदान थाने में एक्सीडेंटल डेथ की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस के मुताबिक, शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को हथियार सप्लाई करने के आरोप में अनुज थापन को सोनू कुमार बिश्नोई के साथ पंजाब से गिरफ्तार किया गया था। सागर और विक्की पहले से ही मुंबई पुलिस की गिरफ्त में हैं।**

## निरुपम कल शिंदे की शिवसेना में होंगे शामिल

### कांग्रेस से निलंबन के बाद नया ठिकाना



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके संजय निरुपम के सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। 3 मई को वह शिवसेना शिंदे गुट में शामिल होंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री शिंदे से मुलाकात के बाद निरुपम ने इसकी पुष्टि की। 20 साल बाद निरुपम की शिवसेना में घर वापसी होगी। हालांकि जब वे शिवसेना में थे, तब पार्टी की कमान सेना प्रमुख बाल ठाकरे के हाथों में थी, लेकिन अब शिवसेना बंट चुकी है। एक धड़ा सीएम शिंदे के साथ है, जबकि दूसरा धड़ा उद्धव ठाकरे के साथ है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## एक सप्ताह में दूसरी बार पटरी से उतरी मुंबई की लोकल ट्रेन

### हार्बर लाइन पर फिर टला हादसा



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बुधवार को एक बार फिर सीएसएमटी के पास हार्बर लाइन पर लोकल ट्रेन बेपटरी हो गई। इसी सप्ताह में लगातार 2 बार हार्बर लाइन पर लोकल की बोगी के पटरी से उतर जाने से सुरक्षा पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। गनीमत थी कि ये लोकल ट्रेन खाली थी। मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह घटना शाम करीब 4.23 बजे हुई। हार्बर लाइन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर प्रवेश कर रही लोकल के बेपटरी होने से हार्बर लाइन बंद पड़ गई। आनन फानन में रेल अधिकारियों ने ट्रैक सुधारने व लोकल पटरी पर लाने का कार्य शुरू किया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### गजब! उद्धव ठाकरे भीड़ के चहेते

**महाराष्ट्र में सहानुभूति की लहर है। मगर वह शरद पवार के लिए ज्यादा है। उद्धव तो सम्मान पा रहे हैं, प्रशंसा हासिल कर रहे हैं। वे अपनी नयी विरासत का निर्माण कर रहे हैं, वे अपने नए समर्थक तैयार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि उनकी शिवसेना केवल एक कट्टर हिन्दू पार्टी न बनी रहे बल्कि एक समावेशी हिन्दू पार्टी बने।**

वे मंच पर जैसे ही खड़े हुए और अपना भाषण शुरू किया तो सभा स्थल में शांति और सन्नाटा। श्रोतागण अपनी-अपनी कुर्सियों पर सीधे बैठ गए। और पूरी गंभीरता तथा एकाग्रता से उन्हे सुनने लगे। उन्होंने ऊंची आवाज में जब महाराष्ट्राची अस्मिता की बात कही तो श्रोताओं ने जोरदार आवाज में उनका समर्थन किया। फिर जब नरेन्द्र मोदी पर वे गरजे तो लोगों ने भी मोदी को हूट किया, सीटियां बजाईं और तालियां भी। उनके शब्दों में उनके दिल की आग झलक रही थी। भीड़ मानों चुंबकीय आकर्षण में बंधी हुई। उन्होंने वाकपटुता के साथ मराठी में लोगों को बताया कि क्या सही है और क्या गलत। स्वंयस्फूर्त जोश, उत्साह और उल्लास का ऐसा वह माहौल जो मुझे दस साल पहले मुझे तब दिखलाई दिया था जब मैंने 2014 में नरेंद्र मोदी को बोलते और लोगों को झूमते देखा था। वैसा ही नजारा था 30 अप्रैल, मंगलवार की शाम पुणे में आयोजित उद्धव ठाकरे की आमसभा में। जनसभा उद्धव ठाकरे की बातें ध्यान से सुन रही थी और मैं मराठी के उनके वाक्यों के साथ लोगों की तालियों, हुंकारों को सुन-देख हैरान थी (साथ खड़े एक मरााठीभाषी से समझते हुए कि ठाकरे ने क्या कहा जो लोग ऐसे रिएक्ट है।) कि क्या ये वही उद्धव ठाकरे है जिनके बारे में एक समय लगता था कि वे न तो राजनीति करने के लिए बने हैं और न ही उनमें राजनीति की पेंचीदगियों से जूझने की क्षमता है। मगर पूणे की सभा में लोगों के साथ उनकी केमेस्ट्री देख साफ समझ आया कि सन 2022 के सियासी झटकों से एक नए उद्धव ठाकरे का जन्म हुआ है।और मितभाषी व्यक्ति का सौम्य व गंभीर व्यक्तित्व अब न केवल साहसी है बल्कि जबरदस्त आक्रामक भी। मैंने 30 अप्रैल को जिस उद्धव ठाकरे को देखा, जिसकी मैं साक्षी बनी, वे बिल्कुल भी वैसे नहीं थे जैसे अखबारों या टीवी पर नजर आते हैं। दूर से वे एक निस्तेज राजनीतिज्ञ नजर आते है - एक दब्बू और सौम्य व्यक्ति जिससे यह उम्मीद नहीं की जाती थी कि वह अपने पिता बालासाहेब ठाकरे, जिन्हें महाराष्ट्र में राजनीति का सुप्रीमो, शेर माना जाता था, जैसी ही दृढ़ता और राजनीतिक सख्ती प्रदर्शित करेंगे, वह भी तमाम प्रतिकूल स्थितियों में। मिलनसार और शमीर्ले स्कूली छात्र की भाव-भंगिमा वाले उद्धव, जिनका आकर्षक व्यक्तित्व भी राजनीति के लिए अनुपयुक्त नजर आता था, से यह भर अपेक्षा थी कि वे अपने अपने पिता के राजनैतिक उत्तराधिकारी बनेंगे। प्रारंभ में तब यह भी माना गया था कि उद्धव ठाकरे में यह क्षमता भी नहीं है। वे आज के समय की भौंडी राजनीति की चुनौतियों का सामना नहीं कर पाएंगे।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग का राष्ट्रीय अधिवेशन व स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

**मुंबई हलचल/संवाददाता**




**पालघर।** भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त देश की प्रसिद्ध सामाजिक संस्था 'राष्ट्रीय मानवाधिकार और महिला बाल विकास आयोग' का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं स्नेह सम्मेलन समारोह 30 अप्रेल 2024 की शाम को 5 बजे से मुम्बई(वसई) मे स्थित होटल रुद्र सेल्टर के सभागृह मे सम्पन्न हुआ।इस कार्यक्रम में नाथ संप्रदाय के राष्ट्रीय संत श्री योगी विजेन्द्र नाथ , उज्जवल भारत अभियान के संस्थापक स्वामी श्री देवस्वरूपानंद, निरंजनी पंचायती अखाड़ा, हरिद्वार के डॉ.स्वामी श्री परमहंस गिरी, भागवताचार्य व्यास दयाशंकर दुबे,श्री गादीपति महंत संतोष मिश्रा, ग्लोबल नेशन ओपन यूनिवर्सिटी, भारत के अध्यक्ष व चांसलर डॉ. गोपालकृष्ण मिश्रा, महंत उमेश गिरी (वाराणसी),कुमर संतोषसिंह गहलोत, गादीपति, कल्लाजी धाम, झाबुआ, आचार्य पंडित त्रिभवन बाजपेई, ज्योतिर्विद एवं पुराण प्रवक्ता, राजस्थान के भूतपूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक रामगोपाल भट्ट, शराबबंदी आन्दोलन की राष्ट्रीय प्रमुख श्रीमती पूनम छाबड़ा, समाजसेवी एड. शोभनाथ त्रिपाठी, बॉलीवुड निदेशक और संगीतकार राकेश निराला, इलेक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया से जुड़े कई वरिष्ठ पत्रकार, बोईसर-पालघर पत्रकार संघ(रजि.)के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, सम्पादक जयप्रकाश पाटिल,संजय सिंह, दीपक निराला, श्री.देसाई, सम्पादिका माधुरी गोवलकर व निता चौरे आदि मौजूद रहे।राष्ट्रीय मानवाधिकार और महिला बाल विकास आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक दयाराम मिश्रा, आयोग की संस्थापिका श्रीमती शांतीदेवी मिश्रा के प्रमुख मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता की प्रतिमा पूजन व राष्ट्रगान से हुई।उपस्थित संतों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम मे प्रसिद्ध गायिका खुशबू और गायक राघवेन्द्र ने भोजपुरी और हिंदी गाने गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।इसके साथ ही अपनी हास्य कला से कोमेडियन विनोद पांडे ने समा बांध दिया।संस्था ने राष्ट्रीय स्तर के रत्न पुरस्कार देकर कई जानी मानी हस्तियों को सम्मानित किया।साथ ही ग्लोबल नेशन ओपन यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.गोपालकृष्ण मिश्रा ने विशिष्ठ क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 15 विशेष लोगों को डॉक्टरेट की मानद उपाधी देकर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इस आयोग के भारत के सभी प्रदेशों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय मानवाधिकार और महिला बाल विकास आयोग के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव डॉ.रविंद्र मिश्रा की सुपुत्री कु. अंशिका का 4था जन्मदिन उनकी माताजी श्रीमती आंचल मिश्रा तथा आयोग की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्षा अक्षिता भट्ट ने अंशिका से केक कटवाकर सभी की मौजूदगी में मनाया जहां अंशिका को उपहार देकर सभी ने उसे जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन डॉ.रविंद्र मिश्रा ने किया तथा श्रीमती अक्षता भट्ट और आंचल मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## समाजवादी विचारक राम सुदिष्ट यादव ने मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के लिखित देश के पवित्र ग्रन्थ संविधान से नफरत क्यों?

**मधुबनी।** समाजवादी विचारक राम सुदिष्ट यादव ने सवाल किया कि भारतीय जनता पार्टी, मोदी सरकार और भाजपा के नेताओं को बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर द्वारा रचित, लिखित देश के सबसे पवित्र ग्रंथ संविधान से नफरत क्यों है भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली सरकार दलितों, पिछड़ों, वंचितों और गरीबों का आरक्षण, नौकरी, मौलिक अधिकारें, लोकतंत्र और संविधान क्यों समाप्त करना चाहती है भाजपा के सहयोगी दलों को, इंडिया गठबंधन में खामियां ढूढ़ने वाले समाजवादी विचारधारा से आनेवाले क्षेत्रीय पार्टियों, नेताओं को भाजपा सरकार के दस वर्षों के शासनकाल में लोकतंत्र और संविधान पर खतरा क्यों नहीं दिखाई दे रही है? वे लोग अपने ब्यान व क्रियाकलापों से आरक्षण विरोधी, नौकरी, रोजगार, मौलिक अधिकारें छिनने वाले भाजपा को बल क्यों दे रहे हैं डॉ राममनोहर लोहिया समाजवादी चिंतक और समाजवादी दर्शन को देश में स्थापित कर कहा था कि अंतिम पंक्ति के गरीब और पूंजीपतियों के बीच मात्र एक और दस के बीच आर्थिक अनुपातिक अंतर रहना चाहिए। यदि यह सिद्धांत धरातल पर उतारा जाय तो समाज में अधिकतम लोगों की आकांक्षाएं पूर्ति की जा सकती है। इसलिए समाजवादी नेता डॉ राममनोहर लोहिया के विचारधारा की राजनीति करने वाले बिहार सहित



देश के तमाम राजनीतिक दलों, समाजवादी कहलाने वाले नेताओं, विचारकों, समर्थकों से विनम्र अनुरोध है कि विचारधारा से एकजुटता बनाए रखें। नीति, सिद्धांत, घोषणा पत्र और जनता के मुद्दों के आधार पर राजनीति स्थापित करने की दिशा में अग्रसर होने केलिए मजबूती से बढ़ें इससे एक तरफ समाज का काफी भला होगा, वहीं विचारधारा को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी, जिससे भारतीय लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्ष संविधान की मजबूती से हिफाजत होगी। व्यक्तिगत लोगों की आकांक्षाएं पूर्ति करने या तुष्टिकरण की नीति से सामाजिक व्यवस्था कमजोर होगी, सामाजिक व्यवस्था कमजोर होने से नीति एवं सिद्धांत बल कमजोर होगा। जब नसिद्धांत बल कमजोर हो जायेगा तो दुनिया के सबसे खूबसूरत डॉ भीमराव आंबेडकर के द्वारा रचित लिखित भारतीय ग्रंथ संविधान और पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था, धर्मनिरपेक्ष भारत को हम अधिक वर्षों तक हिफाजत नहीं कर सकेंगे।

## 2 लाख 97 हजार मतदाताओं को घर पर मिलेगी 'वोटर स्लीप'

**जलगाँव।** लोकसभा चुनाव -2024 को लेकर मतदाताओं की सुविधा के लिए इलेक्शन डिपार्टमेंट की ओर से 2 लाख 97 हजार मतदाताओं को घर बैठे ही 'वोटर स्लीप' का लाभ मिलेगा। बताया जा रहा है को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) सभी के घर पहुंचकर नाम, वोटर लिस्ट नंबर लिखी पर्ची देंगे। जिससे मतदान के दिन मतदाताओं को कोई परेशानी नहीं होगी। इससे मतदान केंद्र ढूंढना और वोट करना और भी आसान हो जाएगा। पहले पार्टियां और उम्मीदवार प्रत्येक उम्मीदवार के घर जाकर 'वोटर स्लीप' बांटते थे और मतदान केंद्रों के सामने बूथ बनाकर मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नंबर ढूंढने का मौका दिया जाता था। लेकिन अब यह सुविधा बंद कर दी गई है। निर्वाचन विभाग द्वारा ही मतदाताओं को उपलब्ध कराया गया। इस कार्य के लिए बीएल नियुक्त किए गए हैं। बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पहुंचकर 'मतदाता स्लीप' देंगे। ताकि मतदाता अपना मतदाता क्रमांक प्राप्त कर सीधे मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाल सकें। प्रांतीय अधिकारी और सहायक चुनाव अधिकारी जितेंद्र पाटिल ने बताया कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव विभाग 1 मई के बाद 'वोटर स्लीप' घर-घर पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की सुविधा होगी। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए एक 'हिरकनी कक्ष' भी उपलब्ध कराया जाएगा। मतदाताओं और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए मतदान केंद्र पर एक मेडिकल किट की भी सुविधा दी जाएगी।

**दिव्यांग मतदाताओं के लिए होगी व्हीलचेयर : पाटिल**

**स्तनपान कराने वाली माताओं को हिरकनी कक्ष की होगी सुविधा**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## मेमन समाज, मुस्लिम समाज, और मुंबई के मशहूर और मारुफ सख्शियात की एक खास मुलाकात सीएम एकनाथ शिंदे के साथ हुई

# मेमन समाज को गुटखा फ्री और तलाक फ्री बनाएंगे : इकबाल मेमन ऑफीसर

### दंगा मुक्त महाराष्ट्र बनाने की मौजूदा सरकार को अपील : इकबाल मेमन ऑफीसर

**मुंबई हलचल/ शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** मुंबई के वालकेश्वर वर्षा बंगलॉ सी एम आवास पर आज तारीख 1 मैं 2024 को ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन, और मुंबई के मशहुर और मारुफ सख्शियात मुस्लिम समाज आज मिले महाराष्ट्र के सी एम एकनाथ शिंदे के साथ हुई जिसमें मेमन समाज के साथ साथ हिंदु व्यापारी, बिजनेस मेन, और मुस्लिम समाज के नुमाइंदे मौजूद रहे। जिसमें ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफीसर, वर्ल्ड मेमन ऑर्गेनाइजेशन के इंडिया चेप्टर प्रेसिडेंट हसीन अघाड़ी, सुरत के डायमंड एसोशिएशन के लवजी भाई बादशाह, अनील भाई बगड़ाना, के पी ग्रुप के फारुक भाई पटेल, अफरोज भाई हसनफत्ता, ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के वाईस प्रेसिडेंट फरीद नुरी जरिवाला, सेक्रेटरी अब्दुल अजीज भाई मच्छीवाला, जोइंट सेक्रेटरी युसुफ भाई मलकानी, लेडीज विंग के चेयरपर्सन रज़िया बाई चश्मावाला, मालेगांव मेमन जमात के प्रेसिडेंट शरीफ जुनानी, साजिद भाई भुरा, सरफराज आरजू, जैसे 109 लोग मौजूद थे।



मिटिंग की शुरूआत में ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के युथ विंग चेयरमैन इमरान फ्रुटवाला ने मेमन समाज और मुस्लिम समाज के बारे में जानकारी देते हुए बताया की ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के प्रेसिडेंट इकबाल मेमन ऑफीसर 550 मेमन जमात के साथ साथ 15 लाख मेमन बिरादरी के लिए रेहबरे कौम है और युथ विंग भी आगे बढ़कर सारहना काम करती है। मेमन समाज हर साल 10 अप्रैल को वर्ल्ड मेमन डे मनाता है और गरीबों की ईद से वर्ल्ड मेमन डे को जाना जाता है। वहीं इकबाल मेमन ऑफीसर ने अपनी बात करते हुए सी एम एकनाथ शिंदे को बताया कि आज महाराष्ट्र डे है और हम लोग ढ़ेर सारी मुबारकबाद देते हैं। और हम ये चाहते हैं की महाराष्ट्र को दंगा मुक्त महाराष्ट्र बनाया जाए, और हम मेमन समाज को गुटखा फ्री, और तलाक फ्री बनाने की एक मुहीम ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की तरफ से कर रहे हैं। साथ में इकबाल मेमन ऑफीसर ने बताया की हम चाहते हैं की मुंबई में सरकार की खाली जगह कॉलेज बनाने के लिए मोहय्या कराई जाए ताकी हम एक अच्छा कॉलेज बना सकें। परभणी में मेमन समाज को एक जमीन मिली है जिसमें कॉलेज बनाने के लिए प्रपोजल मिली है जिसके लिए आपको तकलीफ देंगे और पालघर में मेमन होस्पिटल बनाया जा रहा है जिसका आपके हाथों इफतेताही प्रोग्राम का इन्विटेशन भी दे रहे हैं। रजिया बाई चश्मावाला ने सी एम एकनाथ शिंदे की कार्यकिर्दी पर रोशनी डाली। वहीं सरफराज आरजू ने अपनी राय देते हुए बताया कि मुंबई में आई टी और उर्दू घर की रुकावटों को जल्द से जल्द सुलझाया जाए। आखीर में इकबाल मेमन ऑफीसर ने अपने हाथों से ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन की तरफ से 550 मेमन जमात और 15 लाख मेमन बिरादरी की तरफ से सी एम एकनाथ शिंदे साहब को तिरंगी पगड़ी पहेनाकर सम्मान किया

# मुस्तफा खान शिक्षा विभाग से हुए सेवानिवृत्त

### सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजित

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**जलगांव।** यहाँ के मुंबई पब्लिक स्कूल अग्रीपाड़ा, मोमिन पुरा उर्दू स्कूल, के शारीरिक शिक्षा निदेशक मुस्तफा खान सफदर खान 29 साल की सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। गाडगे सर, (एस एस पी आई) लवटे सर.(एसपीआई) धारेदार पाटिल, (जूनियर पर्यवेक्षक) मधुकर माली (जूनियर एसपी) बागुल सर, सावंत सर (जूनियर पर्यवेक्षक) ई वार्ड। सतशीला मैडम, (प्रिंसिपल), ललित पाटिल,डोपे सर, मोमिन पुरा उर्दू स्कूल की हेड मिस्ट्रेस यास्मीन बानो, सुपर वैनाइजर मिस्टर सामंत, प्रशास अधिकारी,नसरीन आरजू (ई- डिविजन) बीट ऑफिसर आरिफा (ई- डिविजन) लिमकर, जेपी चवरकर, इमरान खान, इलियास खान, इजहार शेख, मुस्तुफा खान की पत्नी अनीसा बी, बेटा फैजान, बहू डॉ.आयशा, बेटा हाजिक, बेटी इरम, दामाद शफीक, साथ ही बड़े भाई अफजल खान, भाभी महेरे निगार, भाई मुख्तार खान, छोटा भाई प्रो.डॉ.चांद खान,भतीजे अरशद खान, सलमान खान,आमिर खान1995 से आज तक के पुरानी मुख्याध्यापिका, जरीना अब्दुल सलाम, सईदा हमीद, शमीम जहीर, साजेदा सलीम, और पुरानी रिटायर लेडी टीचर आदि मौजूद रहे। सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके भावी जीवन, स्वास्थ्य, खुशहाली और के लिए शुभकामनाएं दी।




## (पृष्ठ 1 का समाचार)

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### सलमान खान फायरिंग केस

इसके लिए उसने दरी के कपड़े का इस्तेमाल किया। फंदे को बाथरूम की खिड़की से लगाकर उसने सुसाइड किया। लॉकअप से लेकर बाथरूम के प्रवेश तक का सीसीटीवी फुटेज पुलिस की निगरानी में है। लेकिन बाथरूम के अंदर जहां उसने फांसी लगाई वहां कोई निगरानी नहीं है। हफ्तेभर पहले पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पंजाब से गिरफ्तार किया था। इसमें 37 वर्षीय सोनू सुभाष चंद्र और 32 साल के अनुज थापन शामिल थे। जानकारी के मुताबिक, अनुज लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संपर्क में था। वो ट्रक हेल्पर के तौर पर काम करता है। मुंबई की क्राइम ब्रांच ने सूरत की तापी नदी से एक पिस्टल और कुछ जिंदा कारतूस बरामद किए थे। ब्रांच का दावा है कि ये वही हथियार थे, जिसका इस्तेमाल 14 अप्रैल को सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग के लिए किया गया। पुलिस के मुताबिक इन हथियारों की सप्लाई अनुज और सुभाष ने की थी। अनुज और सुभाष ने ही 15 मार्च के दिन फायर करने वाले आरोपियों विक्की और सागर को दो देशी पिस्तौल और कारतूस मुहैया कराई थी। जांच में सामने आया था कि अनुज थापन मुंबई के पास रायगढ़ के पनवेल आया था। यहां उसने बाइकसवार बदमाशों को हथियार सौंपे थे। 15 मार्च को अनुज ने दो पिस्तौल 38 राउंड सप्लाई कराए थे। अनुज पनवेल में शूटर्स के साथ कुछ घंटे रहा भी था। वहां से जाने से पहले बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग कर के चेक भी किया था कि हथियार सही से काम कर रहे हैं कि नहीं। बता दें, थापन पर पहले से ही आर्म्स एक्ट और वसूली के कई मामले दर्ज हैं।

### निरुपम कल शिंदे की शिवसेना में होंगे शामिल

निरुपम ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे खुशी है कि 20 साल बाद शिवसेना में मेरी घर वापसी हो रही है। संजय निरुपम ने उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट से टिकट नहीं मिलने के बाद कांग्रेस के खिलाफ बगावत का बिगुल बजाते हुए पार्टी अध्यक्ष समेत गांधी परिवार पर कड़ी टिप्पणी की थी। जिसके बाद उन्हें पार्टी से 6 साल से लिए निलंबित कर दिया गया है। इसके बाद निरुपम की योजना शिंदे गुट में शामिल होकर उत्तर पश्चिम से टिकट हासिल करने की थी। लेकिन शिंदे गुट ने उद्धव गुट को छोड़ पार्टी में आए रवीन्द्र वायकर को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। ऐसे में अब निरुपम को टिकट मिलने की संभावना खत्म हो गई है। मैं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के निमंत्रण पर बालासाहेब भवन में उनसे मिला। उनसे मुलाकात के बाद आगे क्या करना है और कैसे काम करना है, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। 3 मई को मेरी शिवसेना की एंट्री होगी। मैं पार्टी में प्रवेश के बाद सभी उम्मीदवार के लिए जोर-शोर से प्रचार करूंगा। हम सभी यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे कि शिवसेना के सभी उम्मीदवार जीते। बीजेपी नेता मोहित कंबोज ने तंज कसते हुए कहा कि अब संजय निरुपम को उत्तर पश्चिम से शिवसेना उम्मीदवार रवींद्र वायकर का चुनाव प्रमुख बन जाना चाहिए। संजय पिछली बार इस क्षेत्र से चुनाव लड़ें थे। उनको उत्तर पश्चिम लोकसभा की पूरी जानकारी भी हैं। इससे पहले कंबोज ने कहा था कि निरुपम कांग्रेस का कचरा है और उन्हें बीजेपी में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

### हार्बर लाइन पर फिर टला हादसा

उल्लेखनीय है कि सीएसएमटी प्लेटफॉर्म के पास हार्बर लाइन पर सोमवार को सुबह एक लोकल ट्रेन की एक बोगी पटरी से उतर गई थी। उस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ था। हालांकि, इसके कारण मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन की कई गाड़ियां प्रभावित हुईं थी। इसका असर मध्य रेल की मेन लाइन और हार्बर दोनों पर पड़ा। बताया गया कि जो लोकल बेपटरी हुई उसका ट्रायल चल रहा था, परंतु उस ट्रायल या ब्लॉक की जानकारी आम यात्रियों को नहीं दी गई थी। बुधवार को सीएसएमटी पर हार्बर लाइन के दोनों प्लेटफॉर्म बंद कर दिए गए। पनवेल की ओर जाने वाली कुछ लोकल ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर 3 से रवाना की जा रहीं थी। इसके चलते मेन लाइन की लोकल सेवा भी प्रभावित हुई। महाराष्ट्र दिवस व श्रमिक दिवस की छुट्टी होने के कारण रोजाना की तरह यात्रियों की भीड़ न होने से पीक आवर में भी राहत मिली। वैसे पिछले कई दिनों से मध्य रेल के मेन लाइन पर भी मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेनों की समयसारणी गड़बड़ाई हुई है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला के अनुसार बुधवार की देर शाम तक हार्बर मार्ग पर लोकल ट्रेनों का यातायात सुचारू हो गया।

### भीषण गर्मी से धधक रहे शहर

दिल्ली एनसीआर सहित देश के अधिकतर राज्यों में अप्रैल का महीना सुहावना बीत गया। वहीं, महीने के अंत में पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से मई की शुरूआत भी राहत भरी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 2 से 4 दिन तक गर्मी से राहत रहेगी। लेकिन, आने वाले दिन आफत बनने वाले हैं। लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। आईएमडी के अनुसार, उत्तर-पूर्व, उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों में मई में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की उम्मीद है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि अप्रैल में गंगा के तटवर्ती पश्चिम बंगाल में लू के दिनों की संख्या 15 साल और ओडिशा में 9 साल में सबसे अधिक रही। मई में लू का प्रकोप अधिक रहेगा। कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में रहेंगे। लू से जनजीवन पर खासा प्रभाव पड़ेगा।



# पनडुब्बी रोधी सुपरसोनिक: मिसाइल का सफल परीक्षण, अब समंदर की निगरानी होगी स्मार्ट

मुंबई हलचल / बालासोर

*भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के मामले में एक और बड़ी कामयाबी मिली है। दरअसल भारतीय नौसेना ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया है। भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर सुपरसोनिक मिसाइल असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बुधवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल सिस्टम ने उड़ान भरी। यह अगली पीढ़ी का मिसाइल सिस्टम है, जो लाइटवेट टॉरपीडो डिलीवरी सिस्टम पर आधारित है। इसे डीआरडीओ द्वारा ही डिजाइन और विकसित किया गया है।*

**1** *भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा में बालासोर के तट पर किया सफल परीक्षण*

### सुपरसोनिक मिसाइल की

*पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल सिस्टम बेहद अहम है। यह मिसाइल लंबी दूरी के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। स्मार्ट मिसाइल को युद्धक जहाज के साथ ही तटीय इलाकों से भी लॉन्च किया जा सकता है। यह मिसाइल अपनी अधिकांश उड़ान कम ऊंचाई पर हवा में पूरी करती है और अपने लक्ष्य के नजदीक जाकर मिसाइल से टॉरपीडो रिलीज होकर पानी के भीतर लक्ष्य को भेदने में सक्षम है। कैनिस्टर आधारित इस मिसाइल सिस्टम में कई आधुनिक सब-सिस्टम हैं, जिनमें दो चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम, इलेक्ट्रोमैकेनिकल एक्टुएटर सिस्टम, नेविगेशन सिस्टम आदि शामिल हैं। यह सिस्टम एक कम वजनी टॉरपीडो को बतौर पेलोड साथ लेकर उड़ान भरता है, जिसमें पैराशूट आधारित रिलीज सिस्टम होता है। आज के परीक्षण में टॉरपीडो के मिसाइल सिस्टम से अलग होने और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच की गई।*

### प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्मार्ट के सफल उड़ान-परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने पूरी स्मार्ट टीम के सहक्रियात्मक प्रयासों की सराहना की और उत्कृष्टता के पथ पर आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# विस्तारा विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, ओलावृष्टि-बारिश से आई विंडशील्ड में दरार



**भुवनेश्वर।** ओलावृष्टि और तूफान के कारण विंडशील्ड में दरार आने के बाद विस्तारा के विमान यूके-788 की भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। इसको उड़ान भरने के 10 मिनट बाद ही आपात्कालीन लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में करीब 170 से 180 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। विंडशील्ड के अलावा, संरचना के कुछ हिस्सों को भी कुछ नुकसान हुआ है। विमान दोपहर करीब 1:45 बजे भुवनेश्वर से रवाना हुई थी और इसके 10 मिनट बाद वापस उतरने के लिए सहायता मांगी थी। यह हवाईअड्डे पर एक सामान्य लैंडिंग थी।

## हिंदू विवाह की आधुनिकता पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

# भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता नाच-गाना और शराब से नहीं होती शादी

### सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च अदालत ने तलाक से जुड़े एक मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। अदालत ने हिंदू विवाह प्रक्रिया पर जोर देकर कहा है कि इसे नाच-गाना और खाने-पीने तक जैसे आयोजन तक ही सीमित नहीं बनाना चाहिए। भारतीय समाज में शादी एक पवित्र रिश्ता होता है। इसे बनाकर रखना चाहिए। जज बीवी नागरत्न और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने तलाक के एक केस की सुनवाई के दौरान कहा कि शादी केवल नाच-गाना, खाने-पीने, शराब और दहेज का मौका नहीं होता है। लेकिन लोग विवाह को व्यवसायिक लेनदेन में लगे हुए हैं जबकि विवाह महिला और पुरुष के बीच के रिश्ते को जोड़ने के लिए होता है। यहीं आगे चलकर पति-पत्नी के रूप में जीवन निर्वहन करते हैं। कोर्ट ने तलाक के एक मामले पर सुनवाई की। याचिका में यह बात कही गई कि दोनों के बीच जो शादी हुई वो वैध नहीं थी।



### शादी के विचार से पहले ही समझें हिंदू विवाह

बेंच ने ये भी कहा कि भारत में शादी को बहुत ही पवित्र माना जाता है। हिंदू विवाह दो लोगों के बीच ही नहीं बल्कि एक ऐसा संस्कार है जिसे भारतीय समाज के मूल्यों के बारे में पता चलता है। हम युवा पुरुष और महिलाओं से अपील करते हैं कि इस रिश्ते में जाने से पहले गहराई से भारतीय समाज के इस संस्था की पवित्रता पर विचार करें।

### रजिस्ट्रार जारी नहीं करते हिंदू मैरिज सर्टिफिकेट

अदालत ने शादी को लेकर कहा कि केवल रजिस्ट्रेशन करा लेना ही विवाह को वैधता नहीं देता है। कई ऐसे उदाहरण हैं जो कागज के आधार पर रजिस्ट्रेशन करा लेते हैं। रजिस्ट्रार द्वारा ऐसा कोई सर्टिफिकेट जारी नहीं किया जाता।

### एक्ट 8 से नहीं मिल जाती शादी की वैधता

कोर्ट ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट की धारा 8 के तहत आज के समय में लोग शादी रजिस्टर कराना चाहते हैं। इस एक्ट के तहत सिर्फ रजिस्ट्रेशन करा लेना ही शादी को वैध नहीं बनाया है। जोड़ा माता-पिता विदेश में रहने के दौरान वीजा आवेदन के लिए शादी के रजिस्ट्रेशन को लेकर तैयार हो जाते हैं।

### कोर्टरूम में ही जज सुनाने लगे पीड़ा

### संडे-मंडे तो छोड़िए पर्वों पर भी छुट्टियां नहीं

जब अदालत ने मामले की सुनवाई शुरू की तो सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से माफी मांगते हुए इसे 2 बजे शुरू करने की मांग की और कहा कि एक अन्य संवैधानिक पीठ में उन्हें जाना है। जस्टिस गवई ने कहा, जो लोग आलोचना करते हैं, वे नहीं जानते कि हमारी शनिवार-रविवार को भी छुट्टियां नहीं होती हैं। यहां तक कि त्योहारों में भी छुट्टी नहीं होती।

## पढ़ाई के लिए कनाडा गए गोल्डी ने अपराध की दुनिया में रखा था कदम

# मूसेवाला मर्डर केस के मास्टरमाइंड गोल्डी बरार की अमेरिका में हत्या?

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बरार की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के सबसे खास गुर्गों में शामिल गोल्डी को अमेरिका में गोलियों से भून दिया गया है।



गोल्डी बरार



सिद्धू मूसेवाला

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसकी हत्या की जिम्मेदारी उसके विरोधी गैंग के डल्ला-लखबीर ने ली है। हालांकि गोल्डी बरार की मौत की अधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध के तौर पर गोल्डी बरार की पंजाब पुलिस के साथ अन्य राज्यों की पुलिस को भी तलाश थी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार की ओर से गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया था।

गोल्डी बरार का चचेरा भाई गुरलाल बराड़ लॉरेंस बिश्नोई का सबसे करीबी था। गुरलाल बराड़ की हत्या के बाद लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि अब नई जंग की शुरुआत है, सड़कों पर खून नहीं सूखेगा। इस बीच गोल्डी बराड़ स्टडी वीजा पर कनाडा पढ़ाई करने जा चुका था। मगर गुरलाल की हत्या के बाद वह जरायम की दुनिया में कूद पड़ा। कनाडा से ही गोल्डी ने हत्याओं की साजिश रचनी शुरू की और कई वारदातों को अपने गुर्गों से अंजाम दिलवाया। इन्हीं में एक वारदात थी गुरलाल सिंह की हत्या। 18 फरवरी 2021 को पंजाब के फरीदकोट में जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी बराड़ ने अपने भाई की हत्या का बदला लेने की खातिर ही यूथ कांग्रेस नेता को मरवाया था।

*गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी गोल्डी मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, अमेरिका में गोली मारी गई है। हत्या की जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है।*

### कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में था बरार

### मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल

### *बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था संबंध*

#### *मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी*

*बहुचर्चित सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में मुख्य वांटेड रहे गोल्डी बरार की हत्या पर कई जानकारियों सामने आ रही है। गोल्डी बरार को पूर्व में मूसेवाला हत्या का मुख्य संदिग्ध माना गया था। बाद में गोल्डी ने व्यक्तिगत रूप से हत्या करने की बात स्वीकार की। इसके पीछे उसने बताया था कि उसने 2022 में पंजाब में एक छात्र नेता की हत्या के प्रतिशोध के रूप में मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी।*

#### आतंकवादी घोषित किया गया था

मूसेवाला हत्याकांड के बाद गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया गया था। गृह मंत्रालय की ओर से गोल्डी के बारे में कहा गया था कि सतविंदर सिंह, जिसे सतिंदरजीत सिंह या गोल्डी बरार के नाम से भी जाना जाता है, का संबंध बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन से था और उसने कई हत्याओं, हथियारों की अवैध तस्करी और चरमपंथी गतिविधियों में भी शामिल रहा।

#### विदेश से मचा रखा था आतंक

गोल्डी बरार मूल रूप से पंजाब के मुक्तसर का रहने वाला था। उसके पिता पहले पंजाब पुलिस में सेवा दे चुके हैं। 2017 में छात्र वीजा पर कनाडा में स्थानांतरित होने के बाद, गोल्डी बरार प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने और धनी व्यक्तियों से पैसे ऐंठने जैसी आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया। मई 2023 में, गोल्डी बरार को कनाडा में सबसे वांछित व्यक्तियों की सूची में 15वें स्थान पर रखा गया था। उसे हत्या, साजिश, अवैध बन्दूक व्यापार और हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों के कारण सूची में जोड़ा गया था। विदेश में रहकर भी वह पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में उसका फिरौती, वसूली और कई हत्याओं से संबंध रहा।

## आईसीजे का रोक लगाने से इनकार

# इजराइल को जर्मनी देता रहेगा हथियार

इजराइल को अमेरिका 65.6, जर्मनी 29.7 इटली 4.7% सप्लाई करता है हथियार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस (आईसीजे) ने इजराइल को जर्मनी द्वारा की जाने वाली हथियार सप्लाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में यह मामला दायर किया था और आरोप लगाया था कि जर्मनी ने इजराइल को सैन्य उपकरण भेजकर संयुक्त राष्ट्र नरसंहार संधि का उल्लंघन किया है लेकिन आईसीजे ने इसके खिलाफ फैसला दिया है।



### *अंतिम फैसला आने में लग सकते हैं कई साल*

*आईसीजे से अंतिम फैसला आने में वर्षों लग सकते हैं लेकिन यह फैसला आपातकालीन उपायों को तेजी से लागू करने के लिए दिया गया है। प्रधान न्यायाधीश नवाफ सलाम ने नीदरलैंड के हेग स्थित अदालत में यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान जर्मन सरकार ने कहा था कि यह मुकदमा अनुचित है। दूसरी तरफ इजराइल भी मजबूती के साथ इससे इनकार करता रहा कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार संधि का उल्लंघन है।*

# अटारी बॉर्डर से मादक पदार्थ जब्त करने के मामले में एनआइए ने 8वें अभियुक्त को गिरफ़्तार किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण एनआइए ने पंजाब के अटारी बॉर्डर पर मादक पदार्थों की तस्करी और बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ जब्त किए जाने के मामले में एक और अहम गिरफ़्तारी की। बुधवार को एक अभियुक्त की गिरफ़्तारी के साथ इस मामले में अब तक कुल 8 अभियुक्त गिरफ़्तार किए जा चुके हैं हैं। पकड़े गए अतहर सईद उर्फ चाचा ने इस मामले के मुख्य आरोपी शाहिद अहमद के इशारे पर मादक पदार्थों की तस्करी की पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया। दिल्ली के दरियागंज इलाके की एक इमारत की तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज मिले थे। इस बिल्डिंग से कई अहम सबूत मिले, जिसके आधार पर अतहर सईद के पीछे राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण की टीम लगायी गई थी। जिसके बाद सईद को गिरफ़्तार कर लिया गया। दरियागंज की इमारत से मिले कई महत्वपूर्ण सुराग की छानबीन एनआइए की टीम कर रही है। सूत्रों के मुताबिक इसके जरिए भारत में चल रहे तमाम बड़े मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले रैकेट का पर्दाफाश हो जाएगा। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के अफसरों के मुताबिक आधार सईद, ड्रग्स के व्यापार से मिले पैसे को हवाला के जरिए अलग अलग देशों में बैठे अपने आकाओं के पास भेजा करता था। हवाला के जरिये यह पैसा अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के कई इलाकों में भेजा जाता था। अतहर सईद भारत में ड्रग्स को अलग-अलग राज्यों में पहुँचाने में मुख्य भूमिका निभा रहा था।

## चांद पर बर्फ ही बर्फ! भारतीय वैज्ञानिकों ने किया कमाल

# चंद्रमा की सतह के नीचे बर्फ पर नए शोध ने सबको चौंकाया

### भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का किया उपयोग

### उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ



मुंबई हलचल / बेंगलूरू

चांद पर पानी की खोज से जुड़े नए तथ्य सामने आए हैं। भारतीय और अंतराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के एक हालिया अध्ययन से इस बात की उम्मीद जगी है कि चंद्रमा के ध्रुवीय गड्ढों में पहले के अनुमान से काफी अधिक सतह पर पानी बर्फ हो सकती है। इसरो ने बुधवार को कहा है कि आईएसपीआरएस जर्नल ऑफ फोटोग्रामेट्री एंड रिमोट सेंसिंग में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि सतह के कुछ मीटर नीचे बर्फ की मात्रा सतह की तुलना में 5 से 8 गुना अधिक है।

### *चांद पर पानी मिलने की संभावना*

भारत के चंद्रयान-2 चंद्र ऑर्बिटर के रडार डेटा का उपयोग करते हुए निकाले गए निष्कर्ष संकेत देते हैं कि कुछ ध्रुवीय क्रेटर में बर्फ जमा हो सकती है। इसरो का कहना है कि नया अध्ययन चंद्रमा के वाष्पशील पदार्थों के इन-सीटू जांच के लिए उसकी भविष्य की योजनाओं का समर्थन करता है। पानी मानव जीवन के लिए एक बहुमूल्य संसाधन है। ऐसे में चंद्रमा की सतह के ठीक नीचे से बर्फ का होना एक नई संभावना पैदा करता है। चांद पर पानी की खोज को लेकर दुनियाभर के वैज्ञानिक सालों से खोज में जुटे हैं। इसको लेकर अलग-अलग तरह की जानकारी भी सामने आती रही है।

### वाष्पशील पदार्थों का पता लगाना होगा आसान

यह दबी हुई बर्फ चंद्रमा पर लंबे समय तक मानव उपस्थिति को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एसएसी) के टी चक्रवर्ती ने कहा, 'इस बर्फ के वितरण और गहराई की सटीक जानकारी भविष्य में इन चंद्र वाष्पशील पदार्थों का पता लगाने और नमूना लेने के लिए लैंडिंग स्थलों का चयन करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) पर सवार सात उपकरणों से डेटा का विश्लेषण करते हुए टीम ने पाया कि उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुवों की तुलना में लगभग दोगुनी बर्फ है। माना जाता है कि बर्फ की उत्पत्ति प्राचीन चंद्र ज्वालामुखी के दौरान निकलने वाली गैस से हुई थी।

# देहरादून की बस्तियों में हजारों अवैध भवनों पर चलेगा कार्रवाई का डंडा, नगर निगम ने शुरू किया सर्वे


**देहरादून।** नदी-नालों के किनारे स्थित बस्तियों में लगातार हो रहे अवैध निर्माण पर अब कार्रवाई का डंडा चलने वाला है। हाईकोर्ट के निर्देश पर नगर निगम ने अवैध निर्माण चिह्नित करने का कार्य शुरू कर दिया है। सर्वे करने के बाद सप्ताहभर में नगर निगम की ओर से ऐसे भवन स्वामियों को नोटिस भेजे जाएंगे। स्वयं अतिक्रमण न हटने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा सकती है। कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने वालों पर भी विधिक कार्रवाई करने की तैयारी है। देहरादून नगर निगम क्षेत्र में स्थित कुल 129 बस्तियों को चिह्नित किया गया है, जिनमें 40 हजार भवन होने का अनुमान है। हालांकि, वर्ष-2016 के बाद किए गए निर्माण नियमानुसार अवैध करार दिए गए हैं। कोई रोक-टोक न होने के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से बस्तियों का विस्तार कर दिया गया और सैकड़ों



नए भवन तैयार कर दिया गया। इस ओर बीते आठ वर्ष से नगर निगम ने भी ध्यान नहीं दिया। अब हाईकोर्ट के आदेश पर नगर निगम ने बस्तियों में वर्ष-2016 के बाद बने अवैध भवनों का सर्वे शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में रिस्पना नदी के किनारे स्थित बस्तियों में अवैध निर्माण चिह्नित किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर सर्वे पूरा हो जाएगा। इसके बाद नोटिस भेजकर निर्माण ध्वस्त करने को कहा जाएगा। स्वयं निर्माण न हटाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बिंदाल नदी के किनारे भी जल्द सर्वे होगा। मलिन बस्ती अधिनियम के तहत वर्ष 2016 के बाद निर्माण अवैध है। ऐसे में नगर निगम की टीम यह जांच कर रही है कि वर्ष 2016 के बाद मलिन बस्तियों में बिजली-पानी के कनेक्शन लिए गए हैं या नहीं। इसके लिए ऊर्जा निगम और जल संस्थान का भी सहयोग लिया जा रहा है। वर्ष 2016 के अक्टूबर में बस्तियों के नियमितीकरण को मालिकाना नीति बनाई गई, लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण नियमितीकरण का मुद्दा ठंडे बस्ते में चला गया। वर्ष 2018 में हाईकोर्ट ने शहर की सभी अवैध बस्तियों को खाली कराने के आदेश दिए, लेकिन तत्कालीन सरकार ने बस्तियों को बचाने के लिए तीन साल का अध्यादेश विधानसभा में पास कर दिया।

# पहले बेल्ट से घोंटा गला, फिर शव को लाइटर से जलाया

**गोपेश्वर।** चमोली पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अधजले शव के मामले का पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से हत्या में प्रयुक्त सामग्री को भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल को दशोली विकासखंड के ग्राम छिनका के पास एक व्यक्ति का अधजला शव बरामद हुआ था। मृतक का चेहरा व गर्दन अधजला होने के साथ ही दोनों पैर जले हुए मिले थे। शव की पहचान रघुवीर सिंह (45) निवासी ग्राम ढुंगरी बिजारकोट थाना व जनपद चमोली के रूप में हुई थी। बताया गया कि वह 24 अप्रैल से लापता था। मृतक के स्वजन ने रघुवीर की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली चमोली में 28 अप्रैल को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक दिनेश सिंह पंवार को सौंपी गई। उक्त मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार ने थाना व जनपद चमोली के साथ देखे जाने की बात सामने आई। रविवार को पुलिस ने संदीप रावत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने हत्या करने की बात स्वीकारी। बताया कि उसने बेल्ट से रघुवीर सिंह का गला घोंटा



संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस की जांच-पड़ताल में रघुवीर को आखिरी बार संदीप रावत (24) निवासी ग्राम छिनका और शव को लाइटर से जला दिया। पुलिस ने सोमवार को उसे गिरफ्तार कर उसके पास से हत्या में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद कर ली।

### सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई

# जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार अप्रैल में रिकॉर्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

*देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से यह संग्रह बढ़ा है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।*

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4 प्रतिशत वृद्धि) और आयात (8.3 प्रतिशत वृद्धि) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया।'

## एक साल पहले 1.87 लाख करोड़ रहा

मूल रूप से बेची गई वस्तुओं और दी गई सेवाओं पर लगने वाला कर जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा जबकि एक साल पहले अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

*उठाए कदमों से जीएसटी संग्रह में वृद्धि : कर विशेषज्ञों का कहना है कि अप्रैल में मजबूत जीएसटी राजस्व एक बढ़ती अर्थव्यवस्था, कंपनियों के स्तर पर अनुपालन पर जोर देने और समय पर लेखा परीक्षा एवं जांच के अलावा विभाग के स्तर पर उठाए गए कदमों को दर्शाता है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक, पिछले महीने केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रुपये रहा।*



## वित्त मंत्री ने प्रयासों की सराहना की

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस उपलब्धि को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय व राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की।




- घरेलू लेनदेन तथा आयात में मजबूद वृद्धि से संग्रह बढ़ा
- यह पहला मौका जब जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ से अधिक
- जीएसटी मार्च के महीने में 1.78 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा

## जीएसटी संग्रह में महाराष्ट्र सबसे आगे

राज्यों के कुल जीएसटी संग्रह के मामले में महाराष्ट्र 37,671 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ सबसे आगे है। महाराष्ट्र में जीएसटी संग्रह अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा है। अप्रैल में 15,978 करोड़ रुपये के संग्रह के साथ कर्नाटक जीएसटी राजस्व में दूसरा बड़ा योगदानकर्ता है जबकि गुजरात ने 13,301 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ 13 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की।

## जीएसटी संग्रह में उत्तर प्रदेश चौथे स्थान पर

उत्तर प्रदेश ने अप्रैल में कर राजस्व में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के मासिक संग्रह में तमिलनाडु को पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने उत्तर प्रदेश में जीएसटी संग्रह 19 प्रतिशत बढ़कर 12,290 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के बाद सबसे अधिक है।

## तमिलनाडु खिसक कर पांचवें स्थान पर

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश जीएसटी संग्रह के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गया। वहीं तमिलनाडु 12,210 करोड़ रुपये के कर संग्रह के साथ चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गया। तमिलनाडु का जीएसटी संग्रह अप्रैल में छह प्रतिशत बढ़ा है। परंपरागत रूप से तमिलनाडु में जीएसटी संग्रह सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य उत्तर प्रदेश की तुलना में अधिक रहता रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# महिला बेस्ट फ्रैंड होने के फायदे

अक्सर यह कह दिया जाता है कि नारी की दुश्मननारी ही होती है, परंतु यदि आप सोचें तो एक नारी को अपने दिल की बात दूसरी नारी को बता कर ही सुकून मिलता है, कभी मां के आंचल की छांव में आकर वो दिल का बोझ हल्का करती है, तो कभी बहन का प्यार उसके दिल पर मलहम लगाता है, कभी सहेलियों की चुहलबाजी में वह दिल के राज ब्यां करती है, तो कभी ननद की शरारतों संग कॉलेज की बातें सांझा करती है और कभी अपनी बेटी के साथ बैठ कर छोटी-छोटी बातों की माला गूंधती है अर्थात एक नारी अपने खुशी और गम केवल दूसरी नारी से ही बांट सकती है। कोई रैसिपी पूछनी हो, शॉपिंग पर जाना हो, मूवी देखनी हो या फिर गॉसिप का पिटारा खोलना हो, ऐसे बहुत से कारण हैं जहां एक नारी को नारी की ही जरूरत महसूस होती है।

### तनाव मुक्त रहने के लिए

महिलाओं से जुड़ी ऐसी कई बातें होती हैं, जिसे वे चाह कर भी पुरुषों से शेयर नहीं कर पातीं, ऐसे नाजुक समय में उन्हें किसी नारी के साथ की ही बहुत जरूरत होती है, फिर चाहे वह पति-पत्नी के रिश्ते से जुड़ी कोई समस्या या संवेदनशील मुद्दा हो, हैल्थ संबंधी समस्या हो या फिर आपसी अहम् की बात हो, पति-पत्नी की आपसी कहा-सुनी हो, पारिवारिक सास-बहू, ननद-जेठानी से जुड़े वाद-विवाद हों या अविवाहित बेटी से तनाव हो, इन तमाम विषयों पर अपनी नजदीकी नारी से बात कर के ही एक नारी खुद को काफी हल्का महसूस करती है। अपने मन की बात दूसरी नारी से सांझी करने के बाद ही स्वयं को हल्का महसूस करती है तथा तनाव मुक्त हो जाती है।



### जिम्मेदारियां निभाने के लिए

तीज-त्योहार हो या शादी-ब्याह का माहौल हो, उस समय इतने काम निकल आते हैं कि तब एक महिला को दूसरी महिलाओं की जरूरत महसूस होती है, कितनी ही रस्में हैं, जिन्हें केवल महिलाएं ही निभाती हैं और ऐसे मौकों पर कितने ही काम हैं, जिन्हें वे पूरी जिम्मेदारी से करती हैं।

आज एक परिवार होने के कारण घर पर अधिकांशतः एक ही महिला होती है और जब उसे किसी रिश्तेदार या सहेली का साथ मिल जाता है, तो उसमें एक नई ऊर्जा का संचार हो जाता है। ये ऐसे मौके हैं, जहां आधुनिक होने के बावजूद भी महिलाएं एक साथ मिल कर अधिकांश कामों को सहजता से निपटा लेती हैं। अतः यह कहना गलत होगा कि केवल संगीत की महफिल ही महिलाओं के दम पर जमती है, बल्कि हर जिम्मेवारी वाला काम महिलाओं के साथ से ही संभव हो पाता है।

### प्रशंसक भी आलोचक भी

हम भले ही कितने भी अच्छे और समझदार हों, परंतु कमी तो हर किसी में रहती है और एक नारी को दूसरी नारी से बेहतर कौन समझ सकता है, तभी तो नारी को अपनी प्रशंसा और आलोचना पर तभी विश्वास होता है, जब वह दूसरी नारी के मुंह से सुनती है, क्योंकि नारी ही दूसरी नारी को बेहतर ढंग से समझ सकती है या कोई बात कह सकती है। वह उससे कड़वा सच भी बिना लाग-लपेट के कहदेती है और प्रशंसा भी सहजता से कर देती है, अतः महिलाएं ही एक दूसरे की सही मायने में प्रशंसक एवं आलोचक होती हैं।

### जब जीवन साथी से कहना संभव न हो

बहुत सी बातें हैं जो पत्नी अपने पति से नहीं कर पातीऔर बहुत सी बातों को सुनने का पति देव के पास भी वक्त नहीं होता, अपनी ही व्यस्तताओं में उलझे पति को पत्नी की बहुत सी बातें बेमानी लगती हैं और वह उन्हें या तो बेमन से सुनता है या फिर नजर अंदाज कर देता है।

ऐसे में पत्नी की कोई बेस्ट फ्रेंड या फिर कोई करीबी महिला ही उसकी सबसे बड़ी राजदार होती है, जिससे वह अपनी बातें शेयर कर सकती है या वक्त निकाल कर उसे सुन सकती है।

लंबी उम्र का राज महिलाओं की लंबी उम्र का राज भी शायद यही है कि वह अपने दिल की हर बात अपनी सहेलियों या महिला रिश्तेदारों के साथ सांझी कर लेती हैं, जिससे कि उनके जीवन में कोई टैंशन रहती ही नहीं है। यही नहीं वह अपनी सोशल लाईफ को भी बेहतरीन तरीके से जीती है। घर-गृहस्थी संभालना, सामाजिक कार्यक्रमों एवं फेस्टिवल में भाग लेना तथा सहेलियों के साथ हंसी-खुशी अपना हर बिता लेना ही उन्हें आदि हेल्दी, खुशमिजाज और खुशहाल लंबा जीवन जीने में मदद करता है।

### प्रेरणा का दूसरा नाम

कहते हैं कि हर कामयाब पुरुष के पीछे किसी महिला का सहयोग होता है, परंतु यदि महिलाओं की सफलता की बात की जाए।

एक नारी को आगे बढे और सफलता के मुकाम पर पहुंचाने वाली भी कोई दूसरी नारी ही होती है, वह भले ही उसकी मां, बहन, बेटी या फिर सहेली के रूप में ही क्यों न हो।

# फायदेमंद है मूंगफली

**मूंगफली वैसे तो हर मौसम में नमकीन जैसी और भी चीजों में इस्तेमाल होती है लेकिन सर्दियों लोग इसे बहुत शौंक से खाते हैं। इसमें ओमेगा 3, प्रोटीन जैसे और भी पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। आइए जाने इसे खाने के सेहत संबंधी फायदों के बारे में...**



**1. दिल के लिए**
मूंगफली कोलेस्ट्राल को कंट्रोल करने में मददगार है। इससे दिल संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है।

**2. प्रोटीन से भरपूर**
प्रोटीन बॉडी के लिए बहुत जरूरी है। इसे खाने से पुराने सेल्स की मुरम्मत होती है और नए सेल्स का निर्माण होता है जो रोगों से लड़ने के लिए बहुत जरूरी है। इसे खाने से शरीर में प्रोटीन की कमी पूरी हो जाती है।

**3. पाचन प्रक्रिया**
मूंगफली में पाया जाने वाला तेल पेट के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके सेवन से कब्ज,गैस और एसिडिटी की समस्या से भी राहत मिलती है। इससे पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है।

**4. गर्भावस्था में जरूरी**
मूंगफली का नियमित सेवन प्रैंगनेसी के लिए भी बहुत अच्छा होता है। यह गर्भावस्था में शिशु के विकास में मदद करती है।

**5. खून की कमी**
रोजाना 50 या 100 ग्राम मूंगफली रोजाना खाने से सेहत बनती है। भोजन आसानी से पचता है और शरीर में खून की कमी नहीं होती है।

# सर्दी में बीमारियों से बचने के लिए खाएं ड्राईफ्रूट

*सर्दी का मौसम शूरू हो गया है। सर्दी का मौसम हर किसी को पसंद होता हैं। इस मौसम में गरमा-गरम पकवान खाने का अलग ही मजा है। वहीं यह मौसम अपने साथ कई बीमारियों को भी साथ लेकर आता है। अगर आप कुछ चीजों का सेवन करें तो इन बीमारियों से बच सकते हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी चीजें बताएंगे, जो प्रोटीन और विटामिन्स से भरपूर है। तो आइए जानें इन चीजों के बारे में...*

**अखरोट**
अखरोट में पाए जाने वाले तत्व( फाइबर, विटामिन बी, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट) शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करते हैं। रोजाना एक अखरोट खाने से की बीमारियां दूर होती हैं।



**बादाम**
बादाम का शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। बादाम में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और विटामिन्स पाए जाते है जो शरीर को कई रोगों से मुक्त करते हैं।

**पिस्ता**
पिस्ता का सेवन करने से हार्ट अटैक और कोलेस्ट्रॉल से बचा जा सकता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व शरीर को कई बीमारियों से बचाते है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


# प्रियंका चोपड़ा को शादीशुदा शाहरुख खान ने सरेआम किया था प्रपोज





शाहरुख से जुड़ा 23 साल पुराना एक किस्सा भी तेजी से वायरल हो रहा है। ये किस्सा प्रियंका चोपड़ा से भी जुड़ा है। ये बात कम ही लोग ही जानते है कि 23 साल पहले 2000 में मिस इंडिया कॉम्पिटीशन के दौरान शाहरुख ने सबसे पहले प्रियंका चोपड़ा को शादी के लिए प्रपोज किया था। बदले में प्रियंका का जवाब सुन वे हैरान रह गए थे। बात 2000 में उस वक्त की है, जब प्रियंका चोपड़ा मिस इंडिया पीजेंट कॉम्पिटीशन के टॉप-10 में पहुंची थीं और शाहरुख खान इसके जूरी मेंबर्स में से एक थे। इवेंट के दौरान शाहरुख ने उस वक्त महज 17 साल की प्रियंका चोपड़ा का प्रजेंस ऑफ माइंड चेक करने के लिए एक सवाल किया। हालांकि, उन्होंने पहले ही कह दिया था कि ये एक काल्पनिक सवाल है। सवाल में शाहरुख ने प्रियंका से पूछा कि अगर उन्हें एक स्पोर्ट्समैन, एक अमीर बिजनसमैन या एक शाहरुख खान की तरह एक्टर से शादी करने का मौका मिला तो किससे शादी करेंगी? शाहरुख के इस सवाल का प्रियंका ने बड़ी ही बेबाकी से जवाब दिया था। उन्होंने कहा था- मैं भारत के किसी महान खिलाड़ी से शादी करूंगी, क्योंकि जब मैं घर वापस आऊंगी या वो घर वापस आएगा तो हम एक-दूजे का सपोर्ट करेंगे। मैं अपने पति पर बहुत गर्व करूंगी। प्रियंका का जवाब सुन शाहरुख खान हैरान रह गए थे।

# जैकलीन ने ढाया कहर



**बॉलीवुड** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं, वह अक्सर अपनी फोटोज और वीडियोज फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। वहीं इन दिनों एक्ट्रेस का ट्रेडिशनल अवतार सोशल मीडिया का पारा बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। जैकलीन का लेटेस्ट लुक इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है, सामने आई एक तस्वीर में एक्ट्रेस लाल रंग की साड़ी पहने नजर आ रही हैं। जैकलीन का रेड हॉट लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है, उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही है। इस दौरान जैकलीन ने तोरानी की लाल रेशमी ऑर्गेंजा साड़ी पहनी थी और उसके साथ मैचिंग स्लीवलेस ब्लाउज पहन रखा था। एक्ट्रेस का यह खूबसूरत लुक लोगों का ध्यान खींच रही है। इससे पहले वह डांस रियलिटी शो 'डांस दीवाने' के मंच पर भी साड़ी पहनकर पहुंची थीं, ऐसा लग रहा है कि जैकलीन को भारतीय ऐथनिक ड्रेस काफी पसंद है।



# सुनील शेट्टी ने जिंदगी के बारे में किया खुलासा

**बॉलीवुड** के दिग्गज और मशहूर अभिनेता सुनील शेट्टी ने हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मिशाएला कोएल की स्पीच की तारीफ की है। मिशाएला कोएल ने अपने शो आई मे डेस्ट्रॉय यू के लिए हाल ही में एमी पुरस्कार जीता है। पुरस्कार लेते हुए उन्होंने ऐसी स्पीच दी कि दुनियाभर में उनकी चर्चा हो रही है। साथ ही मिशाएला कोएल की हर कोई तारीफ भी कर रहा है। मिशाएला कोएल की स्पीच की सुनील शेट्टी ने तारीफ की है। साथ ही अपनी जिंदगी के एक बुरे अनुभव को भी साझा किया है। सुनील शेट्टी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वह अपने फैंस के लिए खास तस्वीरें और वीडियो भी साझा करते रहते हैं। सुनील शेट्टी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर मिशाएला कोएल की एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में उनकी स्पीच का एक हंस भी लिखा हुआ है। मिशाएला कोएल की इस तस्वीर को साझा करते हुए सुनील शेट्टी ने खुलासा किया है कि पिता की मौत के बाद उनके स्वभाव में काफी बदलाव आया। सुनील शेट्टी ने अपने पोस्ट में लिखा, मैं भी हमेशा इन विचारों के साथ खड़ा रहा था, लेकिन साल 2017 में जब मैंने अपने पिता को खो दिया तो मैं केवल अपने आप को फिर से खोजने के लिए गायब हो गया, तब मुझे शांति मिली, निजीता में बहुत ताकत होती है।

